माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)
MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION
(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

सं.अ.सं. विभाग/जा. क्रमांक/659 दिनांक 27/10/2014

परिपत्र

प्रति,

संचालक
समस्त संबद्ध अध्ययन संस्थाएँ

विषयः– संबद्ध अध्ययन केन्द्रों के लिए वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में।

विश्वविद्यालय के प्रायः सभी संबद्ध अध्ययन केन्द्र अपने स्तर पर वार्षिक सांस्कृतिक स्पर्धाओं का आयोजन करते हैं। परंतु इन कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का कोई अवसर नहीं मिल पाता। इसलिये विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश भर में चल रही संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के होनहार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी विद्यार्थिओं के लिये भी स्थानीय, संभागीय एवं प्रादेशिक स्तर पर एक वृहत सांस्कृतिक कार्यक्रम की पहल की जा रही है।

इस वार्षिक अनुष्ठान से न केवल विद्यार्थियों की उर्जा को सांस्कृतिक, वैचारिक ईंधन मिलेगा, बल्कि अध्ययन केन्द्रों में भी गुणात्मक सक्रियता का वातावरण बनेगा। हमें विश्वास है कि इस कार्यक्रम में संस्थाओं द्वारा अपने विद्यार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इसी मूल भावना के साथ वर्ष 2014 के प्रथम कार्यक्रम की रूपरेखा और नियमावली इस पत्र के साथ संलग्न है।

धन्यवाद।

(दीपक शर्मा)
निदेशक
(संबद्ध अध्ययन संस्थाएँ)

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

RTI_LETTERS

बी/38, प्रेस कॉम्लेक्स, विकास भवन, जोन–1, एम.पी. नगर, भोपाल–462011 , फोन : (0755) 4058194, 4291628, फैक्स : 2561970
B-38, Press Complex, Vikas Bhawan, Zone-I, M.P. Nagar, Bhopal-462011, Phone-(0755) 4058194, 4291628, Fax : 2561970
website – www.mcu.ac.in

एमसीयू –एएसआई सांस्कृतिक समारोह –2014

सहमति पत्र

मैं ..... पद..... संस्थाओं की उपरोक्त संभागवार प्रतियोगिता (**MCU-ASI Cultural Fest**)–2014 में अपनी संस्था ..... कोड..... के विद्यार्थियों की भागीदारी कराने के लिए उत्सुक हूँ। मैंने इस संबंध में समस्त नियम पढ़ लिए हैं। मैं विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत **संभागीय चयन समिति** द्वारा दिए जाने वाले मार्गदर्शन के अनुसार कार्य करूँगा/करूँगी। अपने स्थानीय स्तर पर मैं ..... माह 2014 तक प्रतियोगिताएँ आयोजित कर प्रत्येक विधा में प्रथम व द्वितीय (प्रतिभागियों की उपलब्धता के अनुसार) क्रम पर आए विद्यार्थियों के नाम संभागीय चयन समिति की ओर भेजूँगा/भेजूँगी तथा इसकी एक प्रति समन्वयक, संबद्ध अध्ययन केन्द्र विभाग को भी अंकित करूंगा/करूँगी।

कृपया अपनी स्वीकृति प्रदान करें।

हस्ताक्षर

संस्था संचालक/सचिव/अध्यक्ष
मो.नं.....

कार्यक्रम का कैलेंडर

स्थानीय प्रतियोगिता आयोजन – 30 जनवरी 2015 तक
संभागीय स्तर पर आयोजन – 15 मार्च 2015 तक।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
सांस्कृतिक समारोह – 2014

समारोह की रूपरेखा/ नियमावली

1. इस समारोह का नाम एम.सी.यू. –ए.एस.आई. सांस्कृतिक समारोह (MCU-ASI Cultural Fest) रहेगा। इसके आगे आयोजन वर्ष भी अंकित रहेगा।
2. इस कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष नवम्बर माह में संस्थाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक एवं बौद्धिक स्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी । इनमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों के नामों की सूची उनके द्वारा अर्जित अंकों सहित विश्वविद्यालय तथा संभागीय चयन समिति को भेजना होगी।
3. विश्वविद्यालय की ओर भेजी जाने वाली सूची पर संस्था संचालक के हस्ताक्षर, नाम, मोबाइल कमांक और संस्था का कोड लिखना अनिवार्य है।
4. संस्थाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर चयनित प्रथम एवं उपविजेताओं की सूची **संभागीय चयन समिति** की ओर भेजी जाएगी। संभागीय चयन समिति का गठन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। चयन समिति प्राप्त नामांकनों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों के नामों की अनुशंसा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु करेंगी। संबद्ध अध्ययन केन्द्र विभाग इस कार्यक्रम में समन्वय करेगा तथा अंतिम रूप से विजेता स्पर्धकों को विश्वविद्यालय की ओर से पुरस्कार–प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।
5. संभागवार चयनित विद्यार्थियों को प्रादेशिक स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल किया जा सकेगा। इसके लिये पंजीयन शुल्क की राशि की जानकारी पृथक से दी जाएगी।
6. सर्वश्रेष्ठ विजेताओं में से चयनित कलाकारों को भोपाल में आयोजित वार्षिक प्रतिभा समारोह के मंच पर भी प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जा सकेगा।
7. भोपाल में आयोजित प्रतिभा समारोह में आमंत्रित विद्यार्थियों के साथ उनकी संस्था के संचालक या उनके अधिकृत अधिकतम दो प्रतिनिधियों को प्रवेश दिया जाएगा।
8. स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक एवं बौद्धिक स्पर्धाएँ आयोजित करने की संपूर्ण जिम्मेदारी संबद्ध अध्ययन संस्थाओं की रहेगी। इसके लिए विश्वविद्यालय से किसी भी रूप में आर्थिक मदद नहीं की जाएगी।
9. यह समारोह संबद्ध अध्ययन संस्थाओं में पढ़ रहे विद्यार्थियों की प्रतिभा को नए आयाम देने की दृष्टि से तैयार किया गया है। तथापि संस्थाएँ इसमें भाग लेने या न लेने के लिए स्वतंत्र होगी।
10. जो संस्था प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हैं, केवल वही निर्धारित प्रारूप भरकर कार्यक्रम की तिथि, स्थान की जानकारी सहित विश्वविद्यालय को भेजें।
11. प्रतियोगिता केवल दो श्रेणियों में होंगी – सांस्कृतिक एवं बौद्धिक । सांस्कृतिक प्रतियोगिता में (1) एकल नृत्य (क्लासिकल/सेमी क्लासिकल/लोक), (2) समूह नृत्य (लोक/वेस्टर्न/फ्यूजन), (3) एकल गायन (फिल्मी/ गैर फिल्मी), (4) समूह गायन (फिल्मी/गैर फिल्मी) और (5) अभिनय (एकल अभिनय तथा सामूहिक स्किट प्रस्तुति) का समावेश होगा।
12. बौद्धिक स्पर्धा के तहत निबंध एवं तात्कालिक भाषण स्पर्धाओं का समावेश होगा।
13. चयन समिति विजेताओं और उपविजेताओं के चयन हेतु सुविधा की दृष्टि से स्थान विशेष पर अपनी उपसमिति गठित कर सकती है, जो स्थानीय स्तर पर विभिन्न विधाओं के लिये योग्य निर्णायक निर्धारित करेंगी। तथापि इसकी जानकारी उन्हें विश्वविद्यालय को भी देनी होगी।
14. इस संबंध में सभी पत्र व्यवहार – निदेशक (एएसआई), माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, बी–38, प्रेस काम्प्लेक्स, झोन–1, एम.पी.नगर, भोपाल–462011 पर करें एवं लिफाफे पर **एमसीयू –एएसआई सांस्कृतिक समारोह –2014** अवश्य अंकित करें।

नियमावली

सांस्कृतिक स्पर्धा (श्रेणी अ)

1. **एकल नृत्य–** इसके अंतर्गत फिल्मी/गैर फिल्मी पारंपरिक लोक नृत्य से लेकर भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रकारों (यथा भरतनाट्ययम, कथक, कुचिपुड़ी, ओडिसी) का समावेश हो सकता है। नृत्यगीत के बोल भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अनुरूप होने चाहिए । साथ ही शालीन और सुरूचिपूर्ण वेशभूषा नृत्य की अनिवार्य शर्त होगी। यह स्पर्धा 20 अंकों की होगी, जिसमें नृत्यपक्ष, भावपक्ष, वेशभूषा एवं समग्र प्रभाव में 5–5 अंक विभाजित होंगें। वेस्टर्न शैली के नृत्य इस एकल नृत्य में शामिल नहीं होंगे। प्रस्तुति का अधिकतम समय होगा तीन मिनट।

2. **समूह नृत्य–** इसके अंतर्गत अधिकतम 12 नर्तकों का दल प्रस्तुति दे सकता है और अधिकतम 03 संगत कलाकारों को रख सकता हैं । संगतकारों को बाहर से लिया जा सकता है। समूह नृत्य में शास्त्रीय /उपशास्त्रीय, वेस्टर्न, फ्यूजन सभी तरह के नृत्य प्रकारों का समावेश हो सकता है, परंतु नृत्यों के लिए अशिष्ट, अमर्यादित हाव–भावों और मुद्राओं का प्रदर्शन सर्वथा वर्जित होगा। अधिकतम समय 5 मिनट। यह स्पर्धा भी 20 अंकों की होगी, जिनके अंकों का विभाजन एकल नृत्य की तरह ही होगा।

3. **एकल अभिनय एवं स्किट –** एकल अभिनय में विद्यार्थी 03 मिनट से अधिकतम 05 मिनट के भीतर अपने चयनित विषय पर अभिनय करेगा। विद्यार्थी वेशभूषा का इस्तेमाल कर सकता है। साथ ही ध्वनिप्रभाव या संगीत के लिए एक अन्य साथी की मदद ले सकता है।
स्किट में अधिकतम 06 कलाकर मंच पर अभिनय कर सकते हैं। जबकि 02 विद्यार्थी नेपथ्य से ध्वनि प्रभाव, प्रापर्टी आदि के काम के लिए मान्य होगें। समय सीमा 05 मिनट होगी। मंच पर कुर्सी और एकाध टेबल के अलावा अन्य कोई प्रापर्टी नहीं दी जाएगी। अन्य मंचीय सामग्री और वेशभूषा का प्रबंध स्वयं प्रतिभागियों को करना होगा। प्रत्येक दल को स्किट के पूर्व 03 मिनट मंच व्यवस्था हेतु दिए जाएँगें।

4. **एकल गायन एवं समूह गायन –** एकल गायन फिल्मी या गैर फिल्मी हो सकता है। गीत गजल का भी इसमें समावेश होगा। चुने गए गीत के बोल शिष्ट और भारतीय संस्कृति के अनुरूप होने चाहिए । संगतकार के रूप में एक या दो वादक लिए जा सकते हैं।

समूह गायन के लिए भी यही शर्ते लागू होगी। समूह में अधिकतम 06 और न्यूनतम 03 कलाकार होने चाहिए । वादक के रूप में दो अन्य कलाकार लिए जा सकते हैं। दोनों स्पर्धओं की अधिकतम समयावधि 03 मिनिट ।

बौद्धिक स्पर्धा श्रेणी (ब)

निबंध एवं तात्कालिक भाषण स्पर्धा – निबंध स्पर्धा के लिए विषय विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता संस्था में संकाय सदस्यों के पर्यवेक्षण में होगी। लिखने के लिए एक घंटें का समय दिया जाएगा और शब्द सीमा अधिकतम 6 पृष्ठ (ए–4 आकार के) की होगी। प्रतिभागी को स्टेपल किए 06 पृष्ठ संस्था द्वारा उपलब्ध कराए जाएँगें, जिसके ऊपरी कोने में छात्र को अपना नाम, संस्था का नाम, संस्था का कोड, नामांकन क्रमांक तथा पाठ्यक्रम का नाम उल्लेखित करना होगा। निबंध प्रतियोगिता 50 अंकों की होगी। संस्था द्वारा इसका मूल्यांकन स्थानीय विशेषज्ञों से करवाया जाएगा। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का विषय संस्था द्वारा स्वयं तय किया जाएगा। यह प्रतियोगिता किसी कार्यालयीन दिवस में भोजन अवकाश के बाद आयोजित करना होगी। प्रत्येक स्पर्धक को मंच पर रखी गई पर्चियों में से कोई एक उठाना होगी तथा इसी विषय पर अपने विचार व्यक्त करने होंगे। प्रथम प्रतिभागी को 5 मिनिट का समय विषय की तैयारी हेतु दिया जाएगा। प्रतियोगिता में निर्णायकों का निर्णय अंतिम और बंधनकारी होगा। यह निर्णय उसी समय समस्त छात्रों– अभिभावकों की उपस्थिति में घोषित किया जाएगा तथा बाद में विश्वविद्यालय को अन्य निर्णयों के साथ एकजाई कर भेजा जाएगा। सभी स्पर्धाओं में निर्णायकों का निर्णय बंधनकारी रहेगा।

संबद्ध अध्ययन संस्थाएँ